## PART – I
## GENERAL STUDIES

1. Which district of Uttarakhand has the maximum forest area ?
(a) Uttarkashi (b) Pauri Garhwal (c) Nainital (d) Chamoli

2. Match the Lakes given in List-I with the Location in List-II and find the right answer from codes given below :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| A. | Sat Tal | 1. | Kashipur |
| B. | Dron Sagar Tal | 2. | Uttarkashi |
| C. | Dodi Tal | 3. | Nainital |
| D. | Birahi Tal | 4. | Chamoli |

**Codes :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

3. Which tributary of Alaknanda river has its confluence at Rudraprayag ?
(a) Dhauli Ganga (b) Birahi Ganga (c) Pindar (d) Mandakini

4. Which Himalayan zone receives highest rain during monsoon period ?
(a) Shivaliks (b) Outer Himalaya
(c) Inner Himalaya (d) Equal in the above three

5. Which soil is most suitable for the cultivation of Tea crop ?
(a) Pasture soil (b) Brown, red and yellow soil
(c) Sandy soil (d) Light clay alluvial soil

6. As per the Census 2011, in Uttarakhand district Nainital stands at
(a) $2^{nd}$ place (b) $3^{rd}$ place (c) $4^{th}$ place (d) $6^{th}$ place

7. Which one of the following tribe traded with Tibet, before 1962 China War ?
(a) Raji (b) Boxa (c) Bhotiya (d) Tharu

8. At which place people of Uttarakhand vowed not to follow the "Coolie Begar", in January 1921 ?
(a) Bageshwar (b) Someshwar (c) Rameswar (d) Pancheswar

9. 'Koteswara' – dam is being constructed on the river
(a) Alaknanda (b) Dhauli Ganga (c) Bhagirathi (d) Birahi Ganga

10. The first dairy federation of Uttarakhand was established at
(a) Dehradun (b) U.S. Nagar (c) Haridwar (d) Haldwani

11. In which year the "Uttar Pradesh Zamindari Abolition and Land Reform Act" was passed ?
(a) 1950 AD (b) 1951 AD (c) 1952 AD (d) 1953 AD

12. In which year the Garhwal Division was established ?
(a) 1964 (b) 1969 (c) 1972 (d) 1982

13. How many seats are reserved for Scheduled Tribes in Uttarakhand Assembly ?
(a) 01 (b) 02 (c) 03 (d) 04

14. Operation Smile of Uttarakhand police is related to
(a) Children (b) Old person (c) Women (d) Transport

15. 'Mudra Rakshas', who died in June 2016, is famous as
(a) Theatre Director (b) Classical Singer
(c) Sanskrit Scholar (d) Hindi Novelist



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

## भाग – I

## सामान्य अध्ययन

**1.** उत्तराखण्ड के किस जिले का वन क्षेत्र सर्वाधिक है ?

(a) उत्तरकाशी (b) पौड़ी गढ़वाल (c) नैनीताल (d) चमोली

**2.** सूची – I में दी गई झीलों का सुमेलन सूची – II में दिये गए स्थानों से करिये और नीचे दिये गये कोड से सही उत्तर बताइए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| A. | सात ताल | 1. | काशीपुर |
| B. | द्रोण सागर ताल | 2. | उत्तरकाशी |
| C. | डोडी ताल | 3. | नैनीताल |
| D. | बिरही ताल | 4. | चमोली |

**कूट** :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**3.** रुद्रप्रयाग में किस सहायक नदी का संगम, अलकनंदा से होता है ?

(a) धौली गंगा (b) बिरही गंगा (c) पिन्डर (d) मंदाकिनी

**4.** किस हिमालयी क्षेत्र में वर्षा काल में सर्वाधिक वर्षा होती है ?

(a) शिवालिक (b) बाह्य हिमालय (c) आन्तरिक हिमालय (d) इन तीनों में बराबर

**5.** चाय की खेती के लिये कौन सी मिट्टी सर्वाधिक उपयुक्त है ?

(a) चरागाही मृदा (b) भूरी, लाल और पीली मृदा

(c) बालुई मृदा (d) हलकी, चिकनी कछारी मृदा

**6.** 2011 की जनगणना के आधार पर उत्तराखण्ड में नैनीताल जिले का स्थान है

(a) दूसरा (b) तीसरा (c) चौथा (d) छठा

**7.** चीन युद्ध 1962 से पूर्व निम्नलिखित में से कौन सी जनजाति तिब्बत से व्यापार करती थी ?

(a) राजी (b) बोक्सा (c) भोटिया (d) थारु

**8.** जनवरी 1921 में उत्तराखण्ड की जनता ने किस स्थान पर ‘कुली बेगार’ न देने की शपथ ली थी ?

(a) बागेश्वर (b) सोमेश्वर (c) रामेश्वर (d) पंचेश्वर

**9.** नदी जिस पर ‘कोटेश्वर’ बाँध निर्मित किया जा रहा है :

(a) अलकनन्दा (b) धौली गंगा (c) भागीरथी (d) बिरही गंगा

**10.** उत्तराखंड में प्रथम डेरी संघ स्थापित किया गया था

(a) देहरादून में (b) यू.एस.नगर में (c) हरिद्वार में (d) हल्द्वानी में

**11.** “उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि सुधार अधिनियम” कब पास किया गया था ?

(a) सन् 1950 ई. में (b) सन् 1951 ई. में (c) सन् 1952 ई. में (d) सन् 1953 ई. में

**12.** गढ़वाल मंडल की स्थापना कब की गई थी ?

(a) 1964 में (b) 1969 में (c) 1972 में (d) 1982 में

**13.** उत्तराखंड विधान सभा में अनुसूचित जनजाति के लिये कितने स्थान आरक्षित रखे गये हैं ?

(a) 01 (b) 02 (c) 03 (d) 04

**14.** उत्तराखंड पुलिस का ऑपरेशन स्माइल (मुस्कान योजना) संबंधित है

(a) बच्चों से (b) बुजुर्गों से (c) नारियों से (d) परिवहन से

**15.** ‘मुद्रा राक्षस’, जिनका जून, 2016 में निधन हुआ, की प्रसिद्धी है

(a) रंगमंच निर्देशक (b) शास्त्रीय गायक (c) संस्कृत के विद्वान (d) हिन्दी उपन्यासकार



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**16.** Under which article the 'President Rule' was imposed in Uttarakhand in the year 2016 ?
(a) 346 (b) 376 (c) 356 (d) 386

**17.** Name the harmful chemical used in Bread preparation ?
(a) Ethyle Bromate (b) Potassium Bromate
(c) Calcium Carbonate (d) Methyl Chloride

**18.** Which group is known as the first ethnic group of Uttarakhand ?
(a) Kol (b) Kuninda (c) Ban Raji (d) Hoona

**19.** Where was the first capital of Panwar Rulers ?
(a) Srinagar (b) Tehri (c) Devalgarh (d) Chandpur Garhi

**20.** Who was the editor of the "Garhwali Samachar Patra" ?
(a) Vishwambhar Datt Chandola (b) Lalita Prasad Naithani
(c) Mukundi Lal (d) Suman

**21.** Which freedom fighter is called the Hero of Peshawar episode ?
(a) Sridev Suman (b) Khan Abdul Gaffar Khan
(c) Chandra Singh Garhwali (d) Jawahar Lal Nehru

**22.** In which, among the following years Tehri Kingdom merged with Independent India ?
(a) 1947 (b) 1949 (c) 1950 (d) 1965

**23.** Who among the following have been awarded 'Khel Ratna' in August 2016, by the Government of India ?
(a) Rani Rampal, P.V. Sindhu, Sakshi Malik and Shiva Thapa
(b) P.V. Sindhu, Deepa Karmakar, Jeetu Rai and Satti Geeta
(c) Jeetu Rai, Sakshi Malik, P.V. Sindhu and Deepa Karmakar
(d) Shiva Thapa, P.V. Sindhu, Sakshi Malik and Deepa Karmakar

**24.** Which among the followings has been included in the list of World Heritage, by UNESCO in July 2016 ?
(a) Sun Temple of Konark
(b) Sunderban National Park
(c) Sanchi Stupa
(d) Archaeological site of Nalanda Vishwa Vidyalaya

**25.** As per 2011 Census, what is the rank of Uttarakhand on the basis of population ?
(a) $29^{th}$ (b) $20^{th}$ (c) $15^{th}$ (d) $10^{th}$

**26.** Read the following statements (A) and (B) and select the correct answer from the code given below :
**Statement (A) :** The sex ratio in the hill districts of Uttarakhand is higher than those in plains.
**Statement (B) :** The males from the hill districts migrate in search of employment.
**Codes :**
(a) Both (A) and (B) are true. (b) Both (A) and (B) are wrong.
(c) (A) is true, but (B) is wrong. (d) (A) is wrong, but (B) is true.

**27.** What was the basis of States' Reorganisation Act, 1956 ?
(a) Size of the states (b) Natural resources
(c) Language (d) River water dispute

**28.** Who was the first King of the Tehri State ?
(a) Man Shah (b) Sudarshan Shah
(c) Medini Shah (d) Yajuvendra Shah

**29.** Kumaun University, Nainital was established in the year
(a) 1975 AD (b) 1978 AD (c) 1973 AD (d) 1971 AD



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**16.** वर्ष 2016 में उत्तराखंड में ‘राष्ट्रपति शासन’ संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत लगाया गया था ?
(a) 346 (b) 376 (c) 356 (d) 386

**17.** ब्रेड (डबलरोटी) में प्रयुक्त होने वाले हानिकारक रसायन का नाम बताइए ।
(a) ईथाइल ब्रोमेट (b) पोटैशियम ब्रोमेट (c) कैल्सियम कार्बोनेट (d) मिथाइल क्लोराइड

**18.** उत्तराखण्ड का प्रथम “नृजातीय समूह” किसे माना जाता है ?
(a) कोल (b) कुनिन्द (c) बनराजि (d) हूंण

**19.** पंवार शासकों की प्रथम राजधानी कहाँ थी ?
(a) श्रीनगर (b) टिहरी (c) देवलगढ़ (d) चाँदपुर गढ़ी

**20.** “गढ़वाली समाचारपत्र” के सम्पादक कौन थे ?
(a) विश्वम्भर दत्त चंदोला (b) ललिता प्रसाद नैथानी
(c) मुकुन्दी लाल (d) सुमन

**21.** कौन सा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पेशावर कांड का नायक कहलाता है ?
(a) श्रीदेव सुमन (b) खान अब्दुल गफ्फार खान
(c) चन्द्रसिंह गढ़वाली (d) जवाहरलाल नेहरू

**22.** निम्नलिखित में से किस वर्ष में टिहरी रियासत का स्वतंत्र भारत में विलय हुआ ?
(a) 1947 (b) 1949 (c) 1950 (d) 1965

**23.** निम्नलिखित में से किनको अगस्त, 2016 में भारत सरकार ने ‘खेल रत्न’ पुरस्कार से नवाजा है ?
(a) रानी रामपाल, पी.वी. सिंधु, साक्षी मलिक एवं शिवा थापा
(b) पी.वी. सिंधू, दीपा करमाकर, जीतू राय एवं सत्ती गीता
(c) जीतू राय, साक्षी मलिक, पी.वी. सिंधू एवं दीपा करमाकर
(d) शिवा थापा, पी.वी. सिंधू, साक्षी मलिक एवं दीपा करमाकर

**24.** निम्नलिखित में से किसको यूनेस्को द्वारा, जुलाई 2016 में विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है ?
(a) कोणार्क का सूर्य मंदिर (b) सुन्दरबन राष्ट्रीय पार्क
(c) साँची का स्तूप (d) नालन्दा विश्वविद्यालय का पुरास्थल

**25.** 2011 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या की दृष्टि से उत्तराखण्ड का कौन सा स्थान है ?
(a) 29वाँ (b) 20वाँ (c) 15वाँ (d) 10वाँ

**26.** निम्न कथनों (A) और (B) को पढ़िए और नीचे दिए गये कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :
**कथन (A) :** उत्तराखण्ड के पर्वतीय जिलों में लिंगानुपात मैदानी जिलों की तुलना में अधिक है ।
**कथन (B) :** पर्वतीय जिलों से पुरुष रोजगार की तलाश में पलायन करते हैं ।
**कूट** :
(a) (A) तथा (B) दोनों सही हैं । (b) (A) तथा (B) दोनों गलत हैं ।
(c) (A) सही है, किंतु (B) गलत है । (d) (A) गलत है, किंतु (B) सही है ।

**27.** राज्यों के पुनर्गठन अधिनियम, 1956 का आधार क्या था ?
(a) राज्यों का आकार (b) प्राकृतिक संसाधन (c) भाषा (d) नदी जल विवाद

**28.** टिहरी रियासत का प्रथम राजा कौन था ?
(a) मान शाह (b) सुदर्शन शाह (c) मेदिनी शाह (d) यजुवेन्द्र शाह

**29.** कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल की स्थापना हुई थी, वर्ष
(a) सन् 1975 ई. में (b) सन् 1978 ई. में (c) सन् 1973 ई. में (d) सन् 1971 ई. में



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**30.** Where the I.I.M. in Uttarakhand is situated at ?
(a) In Dehradun (b) In Pauri (c) In Haridwar (d) In Kashipur

**31.** The State Public Service Commission presents its annual report to
(a) The Chief Minister
(b) The Home Minister
(c) The Governor of the State
(d) The Chief Justice of the High Court of the State

**32.** The term of a State Chief Information Commissioner is
(a) 5 years or upto 65 years (b) 5 years or upto 70 years
(c) 6 years or upto 65 years (d) 6 years or upto 70 years

**33.** Which Article of the Indian Constitution makes provisions for the tenure of a Panchayat ?
(a) 241 (b) 242 (c) 243 (d) 244

**34.** Which Chief Minister of Uttarakhand reserved 50% seats in Panchayats for women ?
(a) Ramesh Pokhariyal "Nishank" (b) N.D. Tiwari
(c) Vijaya Bahuguna (d) B.C. Khanduri

**35.** Which of the following states had the highest per capita income during 2014-15 ?
(a) Chhattisgarh (b) Karnataka (c) Punjab (d) Uttarakhand

**36.** The maximum number of ministers, including the Chief Minister, can be appointed in the Uttarakhand Council of Ministers is
(a) 10 (b) 12 (c) 11 (d) 15

**37.** Which of the following countries shares the longest international boundary with India ?
(a) China (b) Nepal (c) Bangladesh (d) Pakistan

**38.** Nokrek Biosphere Reserve is located in
(a) Tamil Nadu (b) Odisha (c) Assam (d) Meghalaya

**39.** 'Shola Forest' is associated to
(a) South Peninsular Hills (b) West Himalayas
(c) East Himalayas (d) Tidal Forest

**40.** Which state in India is the largest producer of Copper ?
(a) Jharkhand (b) Bihar (c) Madhya Pradesh (d) Rajasthan

**41.** "Dolvi" steel plant is located in
(a) Tamil Nadu (b) Maharashtra (c) Odisha (d) Karnataka

**42.** "Jhum Cultivation" is also called as
(a) Dairy farming (b) Sericulture
(c) Fish culture (d) Shifting cultivation

**43.** On which river Hirakund dam is built ?
(a) Godavari (b) Mahanadi (c) Pennar (d) Damodar

**44.** Which of the following Indian states lies partially in Himalayas and partially in plains ?
(a) Himachal Pradesh (b) Arunachal Pradesh
(c) Sikkim (d) Uttarakhand

**45.** In India common property resources are covered under whose ownership ?
(a) Private (b) Village (c) State (d) District

**46.** FL-2 policy is related to
(a) The forest policy of Uttarakhand
(b) The family planning policy of Uttarakhand
(c) The liquor policy of Uttarakhand
(d) None of the above



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**30.** उत्तराखण्ड में आई.आई.एम. (IIM) कहाँ स्थित है ?
(a) देहरादून में (b) पौड़ी में (c) हरिद्वार में (d) काशीपुर में

**31.** राज्य लोक सेवा आयोग अपने कार्यों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करता है
(a) मुख्य मंत्री को (b) गृह मंत्री को
(c) राज्य के राज्यपाल को (d) राज्य के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को

**32.** राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त का कार्यकाल होता है
(a) 5 वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु तक (b) 5 वर्ष अथवा 70 वर्ष की आयु तक
(c) 6 वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु तक (d) 6 वर्ष अथवा 70 वर्ष की आयु तक

**33.** भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद पंचायतों के कार्यकाल की व्यवस्था करता है ?
(a) 241 (b) 242 (c) 243 (d) 244

**34.** उत्तराखण्ड के किस मुख्य मंत्री ने पंचायतों में महिलाओं के लिये पचास प्रतिशत स्थान आरक्षित किए ?
(a) रमेश पोखरियाल "निशंक" (b) एन.डी. तिवारी
(c) विजय बहुगुणा (d) बी.सी. खण्डूरी

**35.** निम्नलिखित राज्यों में से किस राज्य की प्रतिव्यक्ति आय 2014-15 में सर्वाधिक थी ?
(a) छत्तीसगढ़ (b) कर्नाटक (c) पंजाब (d) उत्तराखण्ड

**36.** उत्तराखण्ड मंत्री परिषद् में मुख्य मंत्री सहित अधिकतम मंत्रियों की नियुक्ति की जा सकती है
(a) 10 (b) 12 (c) 11 (d) 15

**37.** निम्न में से कौन सा देश भारत के साथ सबसे लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा की हिस्सेदारी रखता है ?
(a) चीन (b) नेपाल (c) बांग्लादेश (d) पाकिस्तान

**38.** नोकरेक आरक्षित जैवमंडल अवस्थित है
(a) तमिलनाडु में (b) ओडिशा में (c) असम में (d) मेघालय में

**39.** 'शोला वन' का संबंध है
(a) दक्षिण प्रायद्वीपीय पहाड़ियों से (b) पश्चिमी हिमालय से
(c) पूर्वी हिमालय से (d) ज्वारीय वन से

**40.** भारत में ताँबे का सर्वाधिक उत्पादन करने वाला राज्य कौन सा है ?
(a) झारखंड (b) बिहार (c) मध्य प्रदेश (d) राजस्थान

**41.** "डोल्वी" इस्पात संयंत्र अवस्थित है
(a) तमिलनाडु में (b) महाराष्ट्र में (c) ओडिशा में (d) कर्नाटक में

**42.** "झूम खेती" को ______ भी कहते हैं ।
(a) दुग्ध उत्पादन (कृषि) (b) रेशम-उत्पादन (कृषि)
(c) मत्स्य उत्पादन (पालन) (d) स्थानान्तरी खेती

**43.** 'हीराकुंड' बाँध किस नदी पर बना है ?
(a) गोदावरी (b) महानदी (c) पेन्नार (d) दामोदर

**44.** निम्न में से कौन सा भारतीय राज्य आंशिक रूप से हिमालय व आंशिक रूप से मैदान में स्थित है ?
(a) हिमाचल प्रदेश (b) अरुणाचल प्रदेश (c) सिक्किम (d) उत्तराखण्ड

**45.** 'साझा संपत्ति संसाधन' भारत में किसके स्वामित्व में आते हैं ?
(a) निजी (b) ग्राम (c) राज्य (d) जनपद

**46.** एफ.एल.-2 नीति का संबंध है :
(a) उत्तराखण्ड की वन नीति से (b) उत्तराखण्ड की परिवार नियोजन की नीति से
(c) उत्तराखण्ड की शराब नीति से (d) उपरोक्त में से कोई नहीं



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**47.** In which year Razia Sultan become the Ruler ?
(a) 1236 AD (b) 1240 AD (c) 1266 AD (d) 1210 AD

**48.** Who introduced the 'Mansabdari' system ?
(a) Sher Shah (b) Alauddin Khalji (c) Aurangzeb (d) Akbar

**49.** Which of the following treaty ended the first Anglo-Maratha War ?
(a) Treaty of Surat (b) Treaty of Manglore
(c) Treaty of Salbai (d) Treaty of Amritsar

**50.** Which Governor General abolished 'Thagi' in India ?
(a) Sir John Shore (b) Lord Wellesley
(c) Lord William Bentinck (d) Lord Mayo

**51.** In which year the Government Postal Service was introduced in India ?
(a) 1853 AD (b) 1854 AD (c) 1855 AD (d) 1856 AD

**52.** From which book our national song "Vande Matram" has been taken ?
(a) Anand Math (b) Neel Darpan (c) Geetanjali (d) Satyarth Prakash

**53.** Who among the following had propounded the theory of 'Drain of Wealth' ?
(a) Surendranath Banarjee (b) Gopal Krishna Gokhale
(c) Firoz Shah Mehta (d) Dadabhai Naoroji

**54.** What does "Tri-Ratna" indicate in Buddhism ?
(a) Truth, Non-violence, Mercy
(b) Love, Compassion, Forgiveness
(c) Buddha, Dhamma, Sangha
(d) Vinay Pitaka, Sutta Pitak, Abhidhamma Pitak

**55.** What was the original name of Begum Mumtaz Mahal ?
(a) Mehrunnisa (b) Gulbadan Bano (c) Raushan Aara (d) Arzumand Bano

**56.** Who was the first speaker of Lok Sabha ?
(a) Hukum Singh (b) M.A. Ayyangar (c) G.V. Mavalankar (d) G.M.C. Balyogi

**57.** Which Article of the Constitution of India is directly applicable on Jammu and Kashmir ?
(a) Article 371 (b) Article 370 (c) Article 375 (d) Article 376

**58.** Which Amendment has been called a revision of the Constitution of India ?
(a) $40^{th}$ (b) $41^{st}$ (c) $42^{nd}$ (d) $43^{rd}$

**59.** According to Dr. Ambedkar, which Article is the soul of Indian Constitution ?
(a) 29 (b) 31 (c) 32 (d) 352

**60.** Windows is an example of which of the following ?
(a) Operating System (b) Hardware
(c) Active Desktop (d) None of the above

**61.** Which of the following is an Application Software ?
(a) Compiler (b) Operating System
(c) MS-Office (d) None of the above

**62.** "ROM" is a
(a) Volatile Memory (b) Non-volatile Memory
(c) Secondary Memory (d) None of the above

**63.** Which of the following is an input device ?
(a) Plotter (b) Printer (c) Monitor (d) Scanner

**64.** What is the height of the Qutub Minar ?
(a) 100 m (b) 150 m (c) 85.5 m (d) 72.5 m



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

47. रजिया सुल्तान किस वर्ष शासक बनी ?
(a) सन् 1236 ई. में (b) सन् 1240 ई. में (c) सन् 1266 ई. में (d) सन् 1210 ई. में

48. 'मनसबदारी' प्रथा किसने प्रारम्भ की ?
(a) शेरशाह (b) अलाउद्दीन ख़लजी (c) औरंगजेब (d) अकबर

49. निम्न में से किस संधि के द्वारा प्रथम अंग्रेज-मराठा युद्ध का अंत हुआ ?
(a) सूरत की संधि (b) मंगलोर की संधि (c) सालबाई की संधि (d) अमृतसर की संधि

50. किस गवर्नर जनरल ने भारत में 'ठगी' का अंत किया ?
(a) सर जॉन शोर (b) लॉर्ड वेलेजली (c) लॉर्ड विलियम बेंटिंक (d) लॉर्ड मेयो

51. भारत में किस वर्ष में सरकारी डाक सेवा की शुरुआत हुई ?
(a) सन् 1853 ई. में (b) सन् 1854 ई. में (c) सन् 1855 ई. में (d) सन् 1856 ई. में

52. हमारा राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम्' किस पुस्तक से लिया गया है ?
(a) आनन्द मठ (b) नील दर्पण (c) गीतांजली (d) सत्यार्थ प्रकाश

53. 'धन के बहिर्गमन' के सिद्धान्त को निम्न में से किसने प्रतिपादित किया ?
(a) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी (b) गोपालकृष्ण गोखले (c) फिरोजशाह मेहता (d) दादाभाई नौरोजी

54. बौद्ध धर्म में "त्रिरत्न" क्या इंगित करता है ?
(a) सत्य, अहिंसा, दया
(b) प्रेम, करुणा, क्षमा
(c) बुद्ध, धम्म, संघ
(d) विनय पिटक, सुत्त पिटक, अभिधम्म पिटक

55. बेगम मुमताज महल का मूल नाम क्या था ?
(a) मेहरुन्निसा (b) गुलबदन बानो (c) रौशन आरा (d) आरज़ूमन्द बानो

56. लोक सभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे ?
(a) हुकुम सिंह (b) एम.ए. अयंगार (c) जी.वी. मावलंकर (d) जी.एम.सी. बालयोगी

57. भारत के संविधान का कौन सा अनुच्छेद जम्मू और कश्मीर पर प्रत्यक्षत: लागू होता है ?
(a) अनुच्छेद 371 (b) अनुच्छेद 370 (c) अनुच्छेद 375 (d) अनुच्छेद 376

58. किस संवैधानिक संशोधन को भारतीय संविधान का संशोधित संस्करण कहा गया है ?
(a) 40वाँ (b) 41वाँ (c) 42वाँ (d) 43वाँ

59. डॉ. अम्बेडकर के अनुसार किस अनुच्छेद को भारतीय संविधान की आत्मा कहा गया है ?
(a) 29 (b) 31 (c) 32 (d) 352

60. 'विन्डोज' निम्न में से किसका उदाहरण है ?
(a) ऑपरेटिंग सिस्टम (b) हार्डवेयर (c) एक्टिव डेस्कटॉप (d) इनमें से कोई नहीं

61. निम्न में से कौन सा एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर है ?
(a) कम्पाइलर (b) ऑपरेटिंग सिस्टम (c) एम.एस. ऑफिस (d) इनमें से कोई नहीं

62. 'रौम' है एक
(a) वोलेटाइल स्मृति
(b) नॉन-वोलेटाइल स्मृति
(c) द्वितीयक स्मृति
(d) इनमें से कोई नहीं

63. निम्न में से कौन इनपुट डिवाइस है ?
(a) प्लाटर (b) प्रिंटर (c) मॉनिटर (d) स्कैनर

64. 'कुतुब मीनार' की ऊँचाई कितनी है ?
(a) 100 मी. (b) 150 मी. (c) 85.5 मी. (d) 72.5 मी.



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**65.** Internet explorer is a
(a) News reader (b) Graphing package
(c) Web browser (d) None of the above

**66.** When was Pradhan Mantri Mudra Yojana launched in India ?
(a) 8 April, 2015 (b) 15 September, 2014
(c) 1 January, 2015 (d) 1 May, 2015

**67.** What is the total budgeted amount of Pradhan Mantri Ujjwala Yojana ?
(a) ₹ 4,000 Crore (b) ₹ 5,500 Crore (c) ₹ 7,000 Crore (d) ₹ 8,000 Crore

**68.** What is the estimated fiscal deficit of India in the Budget of 2016-17 ?
(a) 2.1% (b) 4.2% (c) 3.5% (d) 4.8%

**69.** Which castes of Uttarakhand were included in the central list of OBC in August, 2015 ?
(a) Aheria, Ranwaulta, Arakh (b) Kahar and Tanwar Singharia
(c) Bairagi, Goswami, Darugar (d) Banjara, Bhand, Bari

**70.** During which of the following years, India recorded lowest foodgrain productions ?
(a) 2014 – 15 (b) 2013 – 14 (c) 2012 – 13 (d) 2009 – 10

**71.** What is the premium amount for Prime Minister Suraksha Bima Yojana (PMSBY) ?
(a) ₹ 100 per month (b) ₹ 100 per year
(c) ₹ 12 per year (d) ₹ 12 per month

**72.** The Indian State through which Tropic of Cancer does not pass in
(a) Gujarat (b) Odisha (c) Jharkhand (d) Tripura

**73.** What was the value of Human Development Index (HDI) for India in 2014 ?
(a) 0.538 (b) 0.570 (c) 0.609 (d) 0.666

**74.** Which of the following is a page printer that produces high quality output by forming characters and images with tiny ink particles ?
(a) Inkjet Printer (b) Laser Printer
(c) Dot-Matrix Printer (d) None of the above

**75.** Which of the following is an antivirus software ?
(a) JAVA (b) Tally
(c) Norton (d) None of the above

**76.** Under which Act, Supreme Court was established in India by the British rule ?
(a) Regulating Act (b) Pitt's Act
(c) 1813 Act (d) 1833 Act

**77.** Who is the author of the novel (book) "Tumhare Liye" ?
(a) Shivani (b) Shailesh Matiyani
(c) Manohar Shyam Joshi (d) Himanshu Joshi

**78.** 23rd Rajiv Gandhi Sadbhavna Award in 2016 has been given to
(a) Shabana Azmi (b) Shubha Mudgal
(c) Shobha De (d) Medha Patkar

**79.** Which district of Uttarakhand State has its boundary with seven districts of the State ?
(a) Almora (b) Chamoli (c) Pauri (d) Bageshwar

**80.** Who is the founder of the "Narmada Bachao Andolan" ?
(a) Aruna Roy (b) Arundhati Roy (c) Medha Patkar (d) Baba Amte

**81.** Which river makes a boundary between India and Nepal ?
(a) Saryu (b) Ram Ganga (c) Kali (d) Pindar

**82.** Google is a
(a) Search Engine (b) RDBMS Software
(c) Multimedia Software (d) None of the above



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**65.** इन्टरनेट एक्सप्लोरर है एक
(a) न्यूज रीडर (b) ग्राफिंग पैकेज (c) वेब ब्राउजर (d) इनमें से कोई नहीं

**66.** भारत में प्रधान मंत्री मुद्रा योजना कब प्रारम्भ की गई ?
(a) 8 अप्रैल, 2015 (b) 15 सितम्बर, 2014 (c) 1 जनवरी, 2015 (d) 1 मई, 2015

**67.** प्रधान मंत्री उज्जवला योजना की कुल बजट राशि कितनी है ?
(a) ₹ 4,000 करोड़ (b) ₹ 5,500 करोड़ (c) ₹ 7,000 करोड़ (d) ₹ 8,000 करोड़

**68.** बजट 2016-17 में भारत का वित्तीय घाटा कितना अनुमानित है ?
(a) 2.1% (b) 4.2% (c) 3.5% (d) 4.8%

**69.** अन्य पिछड़ी जातियों की केन्द्रीय सूची में उत्तराखण्ड की किन जातियों को अगस्त, 2015 में सम्मिलित किया गया था ?
(a) अहेरिया, रंवाल्टा, अरख (b) कहार और तंवर सिंघारिया
(c) बैरागी, गोस्वामी, दारूगार (d) बंजारा, भाँड, बारी

**70.** निम्नलिखित में से किस वर्ष भारत में खाद्यान्नों का उत्पादन न्यूनतम था ?
(a) 2014-15 (b) 2013-14 (c) 2012-13 (d) 2009-10

**71.** प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY) के अंतर्गत प्रीमियम राशि कितनी है ?
(a) ₹ 100 प्रति माह (b) ₹ 100 प्रति वर्ष (c) ₹ 12 प्रति वर्ष (d) ₹ 12 प्रति माह

**72.** वह भारतीय राज्य जिससे होकर कर्क रेखा नहीं गुजरती है :
(a) गुजरात (b) ओडिशा (c) झारखण्ड (d) त्रिपुरा

**73.** भारत का वर्ष 2014 में मानव विकास सूचकांक (HDI) का मान कितना था ?
(a) 0.538 (b) 0.570 (c) 0.609 (d) 0.666

**74.** निम्न में से कौन पेज प्रिंटर है जो बहुत ही सूक्ष्म स्याही कणों द्वारा अक्षर व आकृति बनाकर उच्च गुणवत्ता का आउटपुट देता है ?
(a) इंकजेट प्रिंटर (b) लेजर प्रिंटर (c) डॉट मैट्रिक्स प्रिंटर (d) इनमें से कोई नहीं

**75.** निम्न में से कौन एन्टिवायरस सॉफ्टवेयर है ?
(a) जावा (b) टैली (c) नॉर्टन (d) इनमें से कोई नहीं

**76.** किस अधिनियम के अंतर्गत भारत में सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना ब्रिटिश शासन द्वारा की गई थी ?
(a) रेग्यूलेटिंग एक्ट (अधिनियम) (b) पिट्स एक्ट
(c) 1813 एक्ट (d) 1833 एक्ट

**77.** "तुम्हारे लिये" उपन्यास (पुस्तक) के रचयिता कौन हैं ?
(a) शिवानी (b) शैलेश मटियानी (c) मनोहर श्याम जोशी (d) हिमांशु जोशी

**78.** वर्ष 2016 में 23वाँ राजीव गाँधी सद्भावना एवार्ड प्रदान किया गया है
(a) शबाना आजमी (b) शुभा मुद्गल (c) शोभा डे (d) मेधा पाटकर

**79.** उत्तराखंड राज्य के किस जनपद की सीमा राज्य के सात जनपदों के साथ है ?
(a) अल्मोड़ा (b) चमोली (c) पौड़ी (d) बागेश्वर

**80.** "नर्मदा बचाओ" – आंदोलन का संस्थापक कौन है ?
(a) अरुणा राय (b) अरुंधती राय (c) मेधा पाटकर (d) बाबा आम्टे

**81.** भारत और नेपाल के मध्य कौन सी नदी सीमा बनाती है ?
(a) सरयू (b) राम गंगा (c) काली (d) पिंडर

**82.** गूगल है एक
(a) सर्च इंजन (b) आर.डी.बी.एम.एस. सॉफ्टवेयर
(c) मल्टिमीडिया सॉफ्टवेयर (d) इनमें से कोई नहीं



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**83.** Which vitamin is essential for blood coagulation ?
(a) E (b) D (c) K (d) C

**84.** Plants that grow in saline water are called
(a) Hydrophytes (b) Mesophytes (c) Halophytes (d) Thallophytes

**85.** "Biotechnology Institute" is situated at
(a) Almora (b) Dehradun (c) Srinagar (d) Pantnagar

**86.** Which among the following is 'muscle' protein ?
(a) Myosin (b) Keratin (c) Lysozyme (d) Heme

**87.** Which of the following waves cannot be polarised ?
(a) Sound Waves (b) Radio Waves (c) Ultraviolet Rays (d) X-Rays

**88.** Rh-factor derives its name from
(a) Bat (b) Rhesus Monkey (c) Rhino (d) Rat

**89.** A satellite is used for
(a) Communication (b) Weather forecasting
(c) Agriculture and forestry (d) All the above

**90.** 'Marsh Gas' is
(a) Methane (b) Ethane (c) Propane (d) Butane

**91.** Sequencing of 'human genome' was successfully done in the year
(a) 1995 AD (b) 2001 AD (c) 2010 AD (d) 2015 AD

**92.** D.N.A. does not contain
(a) Guanine (b) Adenine (c) Uracil (d) None of these

**93.** In 2016 which became the first European country to win Thomas Cup ?
(a) Sweden (b) Britain (c) Denmark (d) Holland

**94.** Which has become the first country in the world to ban deforestation ?
(a) Brazil (b) India (c) Kenya (d) Norway

**95.** China is looked in dispute with Philippines and Vietnam over control of which territory in South China sea ?
(a) Natuna Islands (b) Pratas Islands
(c) Spratly Island Chain (d) Taiwan

**96.** Which State has become the first digital State of the country ?
(a) Sikkim (b) Gujarat (c) Kerala (d) Karnataka

**97.** Who is the author of the book "Editor Unplugged : Media Magnates, Netas and Me" ?
(a) Vinod Mehta (b) S. Nihal Singh (c) Inder Malhotra (d) Kuldip Nayyar

**98.** Which film was chosen as the best film at 63rd National Film Awards festival ?
(a) Bajirao Mastani (b) Dum Laga Ke Haisa
(c) Bahubali (d) Mary Kom

**99.** 'Bharatiya Jnanpith' award (2015) has been awarded to
(a) Raghuveer Chaudhary (b) Bhalchandra Nemade
(c) Kedarnath Singh (d) Pratibha Rai

**100.** Insulin hormone is secreted by which of the following organ ?
(a) Kidney (b) Heart (c) Liver (d) Pancreas



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**83.** रक्त का थक्का (स्कंदन) बनने हेतु कौन सा विटामिन आवश्यक है ?
(a) ई (b) डी (c) के (d) सी

**84.** लवणीय जल में उगने वाले पौधे कहलाते हैं
(a) हाइड्रोफाइट्स (b) मीजोफाइट्स (c) हैलोफाइट्स (d) थैलोफाइट्स

**85.** ''जैव-प्रौद्योगिकी संस्थान'' स्थित है
(a) अल्मोड़ा में (b) देहरादून में (c) श्रीनगर में (d) पंतनगर में

**86.** निम्नलिखित में से कौन सा 'माँसपेशीय' प्रोटीन है ?
(a) मायोसिन (b) किरैटिन (c) लाइसोजाइम (d) हीम

**87.** निम्नलिखित में से किन तरंगों को ध्रुवीकृत नहीं किया जा सकता ?
(a) ध्वनि तरंगें (b) रेडियो तरंगें (c) पराबैंगनी किरणें (d) एक्स-किरणें

**88.** 'आर.एच. फैक्टर' नाम का आधार है
(a) चमगादड़ (b) रीसस बंदर (c) गैंडा (d) चूहा

**89.** एक उपग्रह का उपयोग होता है
(a) संचार हेतु (b) मौसम की भविष्यवाणी हेतु
(c) कृषि एवं वानिकी हेतु (d) उपरोक्त सभी के लिये

**90.** 'मार्श गैस' है
(a) मीथेन (b) ईथेन (c) प्रोपेन (d) ब्यूटेन

**91.** 'मानव जीनोम' का अनुक्रमण सफलतापूर्वक किया गया वर्ष
(a) सन् 1995 ई. में (b) सन् 2001 ई. में (c) सन् 2010 ई. में (d) सन् 2015 ई. में

**92.** डी.एन.ए. में नहीं पाया जाता
(a) गुआनीन (b) ऐडनीन (c) यूरेसिल (d) इनमें से कोई नहीं

**93.** 2016 में थॉमस कप जीतने वाला कौन पहला यूरोपीय देश बन गया ?
(a) स्वीडन (b) ब्रिटेन (c) डेनमार्क (d) हॉलैण्ड

**94.** वनों की कटाई पर प्रतिबंध लगाने वाला दुनिया का पहला देश कौन बन गया है ?
(a) ब्राजील (b) भारत (c) केन्या (d) नॉर्वे

**95.** चीन का दक्षिण चीन सागर में किस क्षेत्र के नियंत्रण को लेकर फिलीपीन्स और विएतनाम के साथ विवाद चल रहा है ?
(a) नतूना द्वीप (b) प्रतास द्वीप (c) स्प्रैटली द्वीप शृंखला (d) ताइवान

**96.** कौन सा राज्य देश का पहला 'डिजिटल राज्य' बन गया है ?
(a) सिक्किम (b) गुजरात (c) केरल (d) कर्नाटक

**97.** ''एडीटर अनप्लग्ड : मीडिया मैग्नेटस्, नेताज् एण्ड मी'' पुस्तक का लेखक कौन है ?
(a) विनोद मेहता (b) एस. निहाल सिंह (c) इन्दर मल्होत्रा (d) कुलदीप नैय्यर

**98.** 63वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में किस फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म चुना गया ?
(a) बाजीराव मस्तानी (b) दम लगा के हईसा (c) बाहुबली (d) मैरी कोम

**99.** 'भारतीय ज्ञानपीठ' पुरस्कार (2015) दिया गया है
(a) रघुवीर चौधरी को (b) भालचंद्र नेमाड़े को (c) केदारनाथ सिंह को (d) प्रतिभा राय को

**100.** निम्नलिखित में से किस अंग द्वारा इन्सुलिन हॉर्मोन स्त्रावित होता है ?
(a) गुर्दा (b) हृदय (c) यकृत (d) अग्न्याशय



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

## PART – II
## GENERAL APTITUDE TEST

**101.** Eight children take part in a tournament. Each one has to play every other one. How many games must they play ?

(a) 56 (b) 28 (c) 80 (d) 112

**102.** A hall had 500 seats initially. After reconstruction, the total number of seats became 10% less, the number of rows were reduced by 5, but the number of seats in each row was increased by 5. How many rows and how many seats in a row were there initially in the hall ?

(a) 20 rows, 25 seats (b) 50 rows, 10 seats
(c) 10 rows, 50 seats (d) None of these

**103.** The difference of $10^{25} - 7$ and $10^{24} + x$ is divisible by 3 for $x$ = ?

(a) 7 (b) 4 (c) 3 (d) 2

**104.** The sum of first 23 odd numbers will be

(a) 276 (b) 529 (c) 1081 (d) None of these

**105.** A group of 1200 persons consisting of captains and soldiers is travelling in a train. For every 15 soldiers there is one captain. The number of captains in the group is

(a) 70 (b) 80 (c) 75 (d) 85

**106.** Two ladies and two men are playing cards and are seated at North, East, South and West of a table. No lady is facing East, persons sitting opposite to each other are not the same sex. One man is facing South, which directions are the ladies facing ?

(a) East and West (b) South and East (c) North and West (d) North and East

**107.** A, B, C, D, E & F are six members of a family. One couple has parents and their children in the family. A is the son of C and E is the daughter of A. D is the daughter of F who is mother of E. Who are the male members in the family ?

(a) A and C (b) A and D
(c) A and B (d) Cannot be determined

**108.** Which number will replace (?) in the following sequence ?
4, 23, 60, 121, ?

(a) 212 (b) 242 (c) 221 (d) 241

**109.** Rahul says "If Vijay gives me ₹ 40, he will have half as much as Atul, but if Atul gives me ₹ 40, then the three of us will have the same amount." What is the total amount of money that Rahul, Vijay and Atul have ?

(a) ₹ 240 (b) ₹ 280 (c) ₹ 360 (d) ₹ 420


**110.** A rope by which a cow is tethered is increased from 12 m to 23 m. How much additional ground has it to graze over ?

(a) 363.17 $m^2$ (b) 385 $m^2$ (c) 1210 $m^2$ (d) 1650 $m^2$

**111.** Mohini went to the movie nine days ago. She goes to the movies only on Wednesday, what day of the week is today ?

(a) Tuesday (b) Friday (c) Saturday (d) Monday

**112.** How many triangles are there in the following figure ?



(a) 9 (b) 10 (c) 12 (d) None of these

**113.** 10% of 10% of 50% of 1000 is

(a) 5 (b) 10 (c) 50 (d) 100



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

## भाग – II
# सामान्य बुद्धि परीक्षण

**101.** आठ बच्चे एक टूर्नामेंट में भाग लेते हैं । प्रत्येक को हर एक के साथ खेलना है । उन्होंने कुल कितने गेम खेले ?
(a) 56 (b) 28 (c) 80 (d) 112

**102.** आरम्भ में एक हॉल में 500 सीटें थीं, पुनर्निर्माण के बाद सीटों की कुल संख्या 10% कम हो गई । पंक्तियों की संख्या 5 कम हो गई, परन्तु प्रत्येक पंक्ति में सीटों की संख्या 5 बढ़ा दी गई । आरम्भ में हॉल में कितनी पंक्तियाँ व प्रत्येक पंक्ति में कितनी सीटें थीं ?
(a) 20 पंक्तियाँ, 25 सीटें (b) 50 पंक्तियाँ, 10 सीटें
(c) 10 पंक्तियाँ, 50 सीटें (d) इनमें से कोई नहीं

**103.** $10^{25} - 7$ तथा $10^{24} + x$ का अन्तर 3 से विभाजित होगा यदि $x = ?$
(a) 7 (b) 4 (c) 3 (d) 2

**104.** प्रथम 23 विषम संख्याओं का योग होगा
(a) 276 (b) 529 (c) 1081 (d) इनमें से कोई नहीं

**105.** 1200 व्यक्तियों का एक समूह जिसमें कैप्टन व सिपाही हैं, ट्रेन में यात्रा कर रहे हैं । प्रत्येक 15 सिपाहियों पर एक कैप्टन है । समूह में कैप्टन की संख्या होगी :
(a) 70 (b) 80 (c) 75 (d) 85

**106.** दो महिलाएँ व दो पुरुष ताश खेल रहे हैं; और वे मेज की उत्तर, पूर्व, दक्षिण व पश्चिम की ओर बैठे हैं । किसी भी महिला का मुख पूर्व की ओर नहीं है । वे व्यक्ति जो एक-दूसरे के सामने बैठे हैं, समान लिंग के नहीं हैं । एक पुरुष का मुख दक्षिण की ओर है । महिलाओं का मुख किन दिशाओं में हैं ?
(a) पूर्व व पश्चिम (b) दक्षिण व पूर्व (c) उत्तर व पश्चिम (d) उत्तर व पूर्व

**107.** A, B, C, D, E और F एक परिवार के छ: सदस्य हैं । परिवार में एक दम्पत्ति के माता-पिता व उनके बच्चे हैं । A, C का पुत्र है और E, A की पुत्री है । D, F की पुत्री है, जो कि E की माँ है । परिवार में पुरुष सदस्य कौन हैं ?
(a) A व C (b) A व D (c) A व B (d) ज्ञात नहीं कर सकते ।


**108.** निम्नलिखित अनुक्रम में (?) के स्थान पर कौन सी संख्या आएगी ?
4, 23, 60, 121, ?
(a) 212 (b) 242 (c) 221 (d) 241

**109.** राहुल ने कहा, "यदि विजय मुझे ₹ 40 देता है, तो उसके पास अतुल से आधे रुपए होंगे, लेकिन यदि अतुल मुझे ₹ 40 देता है, तो हम तीनों के पास समान राशि होगी ।" राहुल, विजय और अतुल के पास कुल कितनी धनराशि है ?
(a) ₹ 240 (b) ₹ 280 (c) ₹ 360 (d) ₹ 420

**110.** एक रस्सी जिससे एक गाय खूँटे से बँधी है, को 12 मी. से बढ़ाकर 23 मी. कर दिया गया । गाय को चरने के लिए और कितनी जगह मिलेगी ?
(a) 363.17 मी.$^2$ (b) 385 मी.$^2$ (c) 1210 मी.$^2$ (d) 1650 मी.$^2$

**111.** मोहिनी 9 दिन पहले चलचित्र देखने गई । वह चलचित्र देखने केवल बुधवार को जाती है । आज सप्ताह का कौन सा दिन है ?
(a) मंगलवार (b) शुक्रवार (c) शनिवार (d) सोमवार

**112.** निम्नलिखित चित्र में कितने त्रिभुज हैं ?



(a) 9 (b) 10 (c) 12 (d) इनमें से कोई नहीं

**113.** 1000 का 50% का 10% का 10% होगा
(a) 5 (b) 10 (c) 50 (d) 100



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**114.** If the integers 1 to 50 are multiplied, then total number of 'zeroes' in the product will be

(a) 5 (b) 50 (c) 10 (d) 12

**115.** The diameter of a cycle wheel is 28 cm. How many revolutions will it make in moving 13.2 km ?

(a) 13000 (b) 15000 (c) 17000 (d) 19000

**116.** In a group of equal number of cows and herdsman, the number of legs was 28 less than four times the number of heads. The number of herdsman was

(a) 14 (b) 28 (c) 17 (d) 15

**117.** Two numbers are in the ratio of 3:5. If nine is subtracted from the numbers the ratio becomes 12:23. The numbers are

(a) 30, 50 (b) 42, 70 (c) 36, 60 (d) 33, 55

**118.** At present Soni is 4 times older than her son and is 3 years older than her husband. After 3 years the age of her son will be 15 years. The age of Soni's husband after 5 years will be

(a) 48 (b) 45 (c) 50 (d) 42

**119.** Based on the statements given below, find out who is the uncle of 'P'.

I. K is the brother of J.
II. M is the sister of K.
III. P is the brother of N.
IV. N is the daughter of J.


(a) K
(b) J
(c) N
(d) Cannot be determined

**120.** Which number is wrong in the following series ?

42, 110, 132, 210, 440, 506

(a) 42 (b) 132 (c) 440 (d) 506

**121.** In the following figure, 'B' represents businessmen, R represents rich men, and H represents honest men. Which number will represent rich businessmen ?




(a) 5 (b) 3 (c) 2 (d) 4

**122.** Which of the following does not belong to measure of central tendency ?

Mean Deviation, Arithmetic Mean, Median, Mode

(a) Mean Deviation
(b) Arithmetic Mean
(c) Median
(d) Mode

**123.** The algebraic sum of the deviations from the mean of any set of data is always

(a) Positive (b) Infinite (c) Zero (d) Negative

**124.** The simple interest of a sum of money is equal to the half of the principal and the rate of interest is equal to half of the number of years. Find the number of years.

(a) 6 (b) 10 (c) 7 (d) 8

**125.** If the cost of five pencils and two copies is ₹ 225 and the cost of three copies and four pencils is ₹ 320, then what is the cost of one pencil ?

(a) ₹ 5 (b) ₹ 6 (c) ₹ 4 (d) ₹ 7



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**114.** यदि 1 से 50 तक के पूर्णांकों को गुणा किया जाए, तो गुणनफल में 'शून्यों' की कुल संख्या होगी

(a) 5 (b) 50 (c) 10 (d) 12

**115.** एक साइकिल के पहिए का व्यास 28 से.मी. है । 13.2 कि.मी. चलने पर यह कितने चक्कर लगाएगी ?

(a) 13000 (b) 15000 (c) 17000 (d) 19000

**116.** बराबर संख्या में गायों और ग्वालों के एक समूह में पैरों की संख्या सिरों की संख्या के चार गुना से 28 कम थी । ग्वालों की संख्या थी

(a) 14 (b) 28 (c) 17 (d) 15

**117.** दो संख्याएँ 3:5 के अनुपात में हैं । अगर नौ को उन संख्याओं में से घटा दिया जाए, तो अनुपात 12:23 हो जाता है, तो संख्याएँ होंगी

(a) 30, 50 (b) 42, 70 (c) 36, 60 (d) 33, 55

**118.** वर्तमान में सोनी अपने बेटे से चार गुना बड़ी है और अपने पति से 3 वर्ष बड़ी है । तीन वर्ष के बाद उसके बेटे की आयु 15 साल हो जाएगी, तो सोनी के पति की आयु 5 वर्ष बाद कितनी होगी ?

(a) 48 (b) 45 (c) 50 (d) 42

**119.** नीचे दिए गए कथनों के आधार पर यह ज्ञात कीजिए कि 'P' का चाचा कौन है ।

I. K, J का भाई है ।

II. M, K की बहन है ।

III. P, N का भाई है ।

IV. N, J की पुत्री है ।

(a) K (b) J


(c) N (d) निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता ।

**120.** निम्नांकित श्रेणी में कौन सी संख्या गलत है ?

42, 110, 132, 210, 440, 506

(a) 42 (b) 132 (c) 440 (d) 506

**121.** नीचे दिए गये चित्र में, B व्यापारी आदमियों को, R धनी आदमियों को तथा H ईमानदार आदमियों को प्रदर्शित करता है । कौन सी संख्या धनी व्यापारी आदमियों को प्रदर्शित करेगी ?




(a) 5 (b) 3 (c) 2 (d) 4

**122.** निम्नलिखित में से कौन केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप में नहीं आता ?

माध्य विचलन, समान्तर माध्य, माध्यिका, बहुलक

(a) माध्य विचलन (b) समान्तर माध्य (c) माध्यिका (d) बहुलक

**123.** किन्हीं भी आँकड़ों के समूह का उनके माध्य से विचलनों का बीजीय योग हमेशा होता है

(a) धनात्मक (b) अनन्त (c) शून्य (d) ऋणात्मक

**124.** यदि किसी धन का साधारण ब्याज मूलधन का आधा हो तथा ब्याज दर वर्षों की संख्या की आधी हो, तो वर्षों की संख्या ज्ञात कीजिए ।

(a) 6 (b) 10 (c) 7 (d) 8

**125.** यदि पाँच पेंसिलों तथा दो कॉपियों का मूल्य ₹ 225 है और तीन कॉपियों तथा चार पेंसिलों का मूल्य ₹ 320 है, तो एक पेंसिल की कीमत क्या है ?

(a) ₹ 5 (b) ₹ 6 (c) ₹ 4 (d) ₹ 7



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**126.** Insert the missing number in the following :

13 (70) 22

12 (60) 18

17 ( ? ) 26

(a) 76 (b) 96 (c) 116 (d) 86

**127.** In the following question, except one, all are alike in a certain way. Select the pair which is different from others.

Babar : Mughal

Kanishka : Kushan

Mahavira : Jainism

Chandragupta : Maurya

(a) Chandragupta : Maurya (b) Kanishka : Kushan

(c) Mahavira : Jainism (d) Babar : Mughal

**128.** In a class there are 35 students comprising of boys and girls. In a monthly test, the average score of the class was 18. The average score of girls and boys of the class was 22 and 15 respectively. Assuming that all the students appeared in the test, what is the number of boys in the class ?

(a) 18 (b) 15 (c) 17 (d) 20

**129.** Sohan bought some books one day, four times of them on the next day and eight books on the third day. In all, he bought 38 books. How many books did he buy the second day ?

(a) 24 (b) 6 (c) 8 (d) 16

**130.** There are five buses from Nainital to Dehradun and same number of buses from Dehradun to Nainital. If a man does not want to return to Nainital by the bus in which he went to Dehradun, in how many ways to and from journey can be performed between Nainital and Dehradun ?

(a) 24 (b) 20 (c) 16 (d) 12

**131.** Find the missing term in the following series :

B 23 Y, E 17 V, H 11 5, …..

(a) K 7 P (b) K 5 P (c) L 8 Q (d) M 9 R

**132.** Which of the following numbers is completely divisible by 45 ?

(a) 181560 (b) 331145 (c) 202860 (d) 3033550

**133.** The sum of the interior angles of a regular polygon of 15 sides is

(a) 2340° (b) 1800° (c) 2520° (d) 2160°

**134.** A train of length 135 metre is running with a speed of 49 km/hr. In what time it will pass a man who is walking at 5 km/hr in the direction opposite to that of the train ?

(a) 10 sec (b) 9 sec (c) 5 sec (d) None of these

**135.** Three numbers are in the ratio 3:4:6 and their product is 1944. The largest of these numbers is

(a) 06 (b) 12 (c) 18 (d) 20

**136.** If $n(A \cup B) = 5$, $n(B) = 3$ and $n(A) = 4$, then $n(A \cap B)$ is equal to

(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 5

**137.** The illumination from a source of light varies inversely as the square of the distance. If initially a book is placed at 10 cm far from a candle, then how much farther a book be placed so as to receive just half as much light ?

(a) $10(\sqrt{2}+1)$ cm (b) $10(\sqrt{2}-1)$ cm

(c) $10(\sqrt{3}+1)$ cm (d) $5(\sqrt{2}+1)$ cm



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**126.** निम्नलिखित संख्या समूह में विलुप्त संख्या अंकित कीजिए :

13 (70) 22
12 (60) 18
17 (?) 26

(a) 76 (b) 96 (c) 116 (d) 86

**127.** निम्नलिखित प्रश्न में, एक के अलावा सभी, एक तरीके से समान हैं । उस युग्म को चुनिए, जो अन्य से भिन्न है ।

बाबर : मुगल
कनिष्क : कुषाण
महावीर : जैनधर्म
चन्द्रगुप्त : मौर्य

(a) चन्द्रगुप्त : मौर्य (b) कनिष्क : कुषाण (c) महावीर : जैनधर्म (d) बाबर : मुगल

**128.** एक कक्षा में लड़के और लड़कियाँ मिलाकर कुल 35 विद्यार्थी हैं । एक मासिक परीक्षा में पूरी कक्षा का औसत प्राप्तांक 18 था । लड़कियों तथा लड़कों के प्राप्तांकों का औसत क्रमश: 22 तथा 15 था । यदि सभी विद्यार्थी उस परीक्षा में सम्मिलित हुए हों, तो उस कक्षा में लड़कों की संख्या क्या है ?

(a) 18 (b) 15 (c) 17 (d) 20

**129.** सोहन एक दिन कुछ पुस्तकें खरीदता है, अगले दिन इनकी चार गुना तथा तीसरे दिन 8 पुस्तकें खरीदता है । यदि उसने कुल मिलाकर 38 पुस्तकें खरीदी, तो उसने दूसरे दिन कितनी पुस्तकें खरीदी ?

(a) 24 (b) 6 (c) 8 (d) 16

**130.** नैनीताल से देहरादून जाने के लिए पाँच बसें उपलब्ध हैं और इतनी ही बसें देहरादून से नैनीताल के लिए हैं । यदि एक आदमी उस बस से नैनीताल वापस नहीं आना चाहता है जिससे वह देहरादून गया है, तो नैनीताल और देहरादून के बीच में कितने तरीकों से आने-जाने की यात्रा की जा सकती है ?

(a) 24 (b) 20 (c) 16 (d) 12

**131.** निम्नांकित श्रेणी का विलुप्त पद ज्ञात कीजिए :

B 23 Y, E 17 V, H 11 S, ……

(a) K 7 P (b) K 5 P (c) L 8 Q (d) M 9 R

**132.** निम्नलिखित में कौन सी संख्या 45 से पूर्णत: विभाजित है ?

(a) 181560 (b) 331145 (c) 202860 (d) 3033550

**133.** 15 भुजाओं वाले एक नियमित बहुभुज के आन्तरिक कोणों का योग है

(a) 2340° (b) 1800° (c) 2520° (d) 2160°

**134.** एक 135 मीटर लम्बी रेलगाड़ी 49 कि.मी./घंटे की चाल से चल रही है । एक आदमी जो कि 5 कि.मी./घंटे की चाल से रेलगाड़ी की विपरीत दिशा में चल रहा है, को रेलगाड़ी कितने समय में पार कर लेगी ?

(a) 10 सेकंड (b) 9 सेकंड (c) 5 सेकंड (d) इनमें से कोई नहीं

**135.** तीन संख्याएँ 3:4:6 के अनुपात में हैं और उनका गुणनफल 1944 है । इनमें से सबसे बड़ी संख्या है :

(a) 06 (b) 12 (c) 18 (d) 20

**136.** यदि $n(A \cup B) = 5$, $n(B) = 3$ और $n(A) = 4$, तब $n(A \cap B)$ का मान है

(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 5

**137.** एक प्रकाश स्रोत से प्राप्त होने वाली रोशनी उससे दूरी के वर्ग के व्युत्क्रमानुपाती है । यदि प्रारम्भ में एक मोमबत्ती पुस्तक से 10 सेमी दूर रखी हो, तो उसे कितनी दूर और रखना चाहिए ताकि पहले से ठीक आधी रोशनी प्राप्त हो ?

(a) $10(\sqrt{2} + 1)$ सेमी (b) $10(\sqrt{2} - 1)$ सेमी

(c) $10(\sqrt{3} + 1)$ सेमी (d) $5(\sqrt{2} + 1)$ सेमी



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**138.** If 5 @ 6 = 61 and 8 @ 10 = 164, then 7 @ 9 = ?
(a) 125 (b) 63 (c) 130 (d) 32

**139.** Look at this series :
80, 10, 70, 15, 60, …..
What number should come next ?
(a) 20 (b) 25 (c) 30 (d) 50

**140.** In how many ways, a group of 3 boys and 2 girls can be formed out of the total of 4 boys and 4 girls ?
(a) 15 (b) 16 (c) 20 (d) 24

**141.** Four mat weavers can weave 4 mats in 4 days. At the same rate, how many mats would be woven by 8 mat weavers in 8 days ?
(a) 4 (b) 8 (c) 12 (d) 16

**142.** If white is called blue, blue is called red, red is called yellow, yellow is called green, green is called black, black is called violet and violet is called orange, what would be the colour of human blood ?
(a) Red (b) Green (c) Yellow (d) Violet

**143.** Pointing to a gentleman, Shalini said, "His only brother is the father of my son's father". How is the gentleman related to Shalini ?
(a) Grandfather (b) Uncle (c) Brother (d) None of these

**144.** A year is starting with Monday and ending with Tuesday. How many days are there from $16^{th}$ January to $15^{th}$ March in that year ?
(a) 58 (b) 60 (c) 59 (d) 61

**145.** Three years ago, the difference in the ages of two brothers was two years. The sum of their present ages will be double in 10 years. What is the present age of the elder brother ?
(a) 6 (b) 11 (c) 7 (d) 9

**146.** A cyclist rides 20 km to the East, then turns North and rides 20 km, again turns left and rides 20 km. How far he is from the starting point ?
(a) 0 km (b) 10 km (c) 20 km (d) 30 km

**147.** Which is greatest in the following ?

$\sqrt{0.1}, \sqrt[3]{0.1}, \sqrt[4]{0.1}, \sqrt[5]{0.1}$

(a) $\sqrt{0.1}$ (b) $\sqrt[3]{0.1}$ (c) $\sqrt[5]{0.1}$ (d) $\sqrt[4]{0.1}$

**148.** What is the remainder when $2^{41}$ is divided by 7 ?
(a) 4 (b) 2
(c) 6 (d) None of the above

**149.** When seen through a mirror, a clock shows 8:30, the correct time is
(a) 2:30 (b) 3:30 (c) 8:30 (d) 5:30

**150.** In a certain language, 'MADRAS' is coded as NBESBT, how is 'BOMBAY' coded in that language ?
(a) DPNCBX (b) CPNCBZ (c) CPNCBY (d) DPNCBZ



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**138.** यदि 5 @ 6 = 61 और 8 @ 10 = 164, तो 7 @ 9 = ?

(a) 125 (b) 63 (c) 130 (d) 32

**139.** इस श्रृंखला को देखिए :

80, 10, 70, 15, 60, …

अगली संख्या क्या होनी चाहिए ?

(a) 20 (b) 25 (c) 30 (d) 50

**140.** कुल 4 लड़कों और 4 लड़कियों में से 3 लड़कों और 2 लड़कियों के समूह का कितने तरीकों से गठन किया जा सकता है ?

(a) 15 (b) 16 (c) 20 (d) 24

**141.** चार दरी बुनने वाले 4 दिन में 4 दरी बुनते हैं, उसी गति से 8 दरी बुनने वाले 8 दिनों में कितनी दरी बुनेंगे ?

(a) 4 (b) 8 (c) 12 (d) 16

**142.** यदि सफेद को नीला, नीले को लाल, लाल को पीला, पीले को हरा, हरे को काला, काले को बैंगनी और बैंगनी को नारंगी कहा जाता है, तो मानव खून का रंग क्या होगा ?

(a) लाल (b) हरा (c) पीला (d) बैंगनी

**143.** एक सज्जन की ओर इशारा करते हुए शालिनी ने कहा “इनके इकलौते भाई मेरे बेटे के पिता के पिता हैं ।” वह सज्जन शालिनी से कैसे सम्बन्धित है ?

(a) दादा (b) चाचा (c) भाई (d) इनमें से कोई नहीं

**144.** एक साल सोमवार से शुरू होता है और मंगलवार को समाप्त होता है । इस साल में 16 जनवरी से 15 मार्च तक कितने दिन होंगे ?

(a) 58 (b) 60 (c) 59 (d) 61

**145.** तीन वर्ष पूर्व, दो भाइयों की उम्र में दो वर्षों का अन्तर था । उनकी वर्तमान की उम्र का योग दस वर्ष में दुगुना होगा । बड़े भाई की वर्तमान उम्र क्या है ?

(a) 6 (b) 11 (c) 7 (d) 9

**146.** एक साइकिल सवार पूर्व की ओर 20 कि.मी. जाता है, फिर उत्तर को मुड़ता है और 20 कि.मी. जाता है, फिर बाईं ओर मुड़ जाता है और 20 कि.मी. जाता है । वह आरम्भिक बिन्दु से कितनी दूर है ?

(a) 0 कि.मी. (b) 10 कि.मी. (c) 20 कि.मी. (d) 30 कि.मी.

**147.** निम्नलिखित में से सबसे अधिकतम कौन है ?

$\sqrt{0.1}, \sqrt[3]{0.1}, \sqrt[4]{0.1}, \sqrt[5]{0.1}$

(a) $\sqrt{0.1}$ (b) $\sqrt[3]{0.1}$ (c) $\sqrt[5]{0.1}$ (d) $\sqrt[4]{0.1}$

**148.** $2^{41}$ को 7 से भाग देने पर शेषफल क्या होगा ?

(a) 4 (b) 2 (c) 6 (d) इनमें से कोई नहीं

**149.** दर्पण से देखने पर एक घड़ी में समय 8:30 पाया गया, सही समय है

(a) 2:30 (b) 3:30 (c) 8:30 (d) 5:30

**150.** किसी भाषा में ‘MADRAS’ को NBESBT कोड किया जाता है, तो उसी भाषा में ‘BOMBAY’ को क्या कोड किया जाएगा ?

(a) DPNCBX (b) CPNCBZ (c) CPNCBY (d) DPNCBZ



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह**



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/